भारत सरकार
कोयला मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2871
जिसका उत्तर 11 मार्च, 2020 को दिया जाना है

कोयला भंडार

2871. श्रीमती गोमती सायः

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में कोयला भंडार की मात्रा कितनी है तथा इसकी प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता कितनी है; और

(ख) इससे कितना राजस्व अर्जित हुआ है तथा वर्ष 2017–18 और 2018–19 के दौरान अर्जित राजस्व की राशि कितनी है?

उत्तर
संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री
(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क): रायगढ़ जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की अनुमोदित कोयला परियोजनाओं (अभिरक्षक खानों सहित) की कोयला भंडार की मात्रा 01.04.2019 की स्थिति के अनुसार 802.13 मिलियन टन अनुमानित की गई थी। अभिरक्षक खानों सहित एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की चालू कोयला परियोजनाओं की उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 22.95 मिलियन टन (एमटीवाई) है।

(ख): वर्ष 2017-18 तथा 2018-19 के दौरान इनसे अर्जित राजस्व की राशि नीचे दी गई है:-

वर्ष	उत्पादन (मि.ट.)	प्रेषण (मि.ट.)	विक्रय से प्राप्ति (करोड़ रू. में)	लाभ (करोड़ रू. में)
2017-18	14.201	16.370	2182.92	1159.98
2018-19	10.634	10.839	1552.81	866.16

*****